ऊर्जा मंत्रालय में विद्युत विभाग में राज्य मंत्री (श्री कल्पनाथ राय) : (क) बोधघाट जल विद्युत परियोजना की समस्याओं के बारे चिन्ता व्यक्त करते हुए प्रधान मंत्री को सम्बोधित कुछ अभ्यावेदन प्राप्त हुए हैं ।

(ख) इन्दिरा सरोवर (बोधघाट) जल विद्युत परियोजना की सभी दृष्टियों से स्वीकृति के बारे में कोई अन्तिम दृष्टिकोण नहीं अपनाया गया है।

ताप विद्युत गृहों के कल-पुर्जों के लिए अनुषंगी एकक

2868. **श्री अजीत जोगी :**
श्री पृथ्वी मांझी :

क्या ऊर्जा मंत्री 7 दिसम्बर, 1987 को राज्य सभा में अतारांकित प्रश्न 423 के दिये गये उत्तर को देखेंगे और यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या ताप विद्युत गृहों में प्रयुक्त किए जाने के लिए कल-पुर्जों के अनुषंगी एककों को खोले जाने की व्यवहारिकता के संबंध में सर्वेक्षण पूरा हो गया है;

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ;

(ग) इन तापविद्युतगृहों के लिए अब तक कितने अनुषंगी एककों की स्वीकृति प्रदान कर दी गई है और ऐसे एककों में कितने स्थानीय व्यक्ति नियोजित हैं ; और

(घ) मध्य प्रदेश में ताप विद्युत-गृहों में कल पुर्जों की खरीद पर प्रतिवर्ष औसतन कितने रुपये व्यय किये जाते हैं और क्या मध्य प्रदेश के बाहर स्थापित किये गये अनुषंगी उद्योगों से ऐसे कलपुर्जों की खरीद अभी भी की जा रही है ?

ऊर्जा मंत्रालय में विद्युत विभाग में राज्य मंत्री (श्री कल्पनाथ राय) : (क) से (ग) राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम द्वारा अपनी परियोजनाओं के चारों तरफ किए गए सर्वेक्षण से पता चलता है कि वहां का स्थान कल पुर्जों के अनुषंगी एकक खोलने के लिए उपयुक्त नहीं है, इसके अनेक कारण हैं जिसमें ये शामिल है; कम प्रत्याशित खरीद और संयंत्रों की नवीनतम परिष्कृत प्रौद्योगिकी जो कि आसानी से अनुषंगी एकक लगाने के अनुरूप नहीं हो पाता ।

(घ) रा० ता० वि० निगम द्वारा वर्ष 1986-1987, 1987-88 और और 1988-89 (नवम्बर, 1988 तक) के दौरान सुपर ताप विद्युत परियोजनाओं (मध्य प्रदेश में स्थित) के कल-पुर्जों पर किया गया परिव्यय लगभग 15.5 करोड़ रुपए था । ये कल पुर्जे मैसर्स भेल, मैसर्स इन्स्ट्रूमेंटेशन लिमिटेड, कोटा और मैसर्स डीजल लोकोमोटिव वर्क्स, वाराणसी तथा दूसरे अच्छे सप्लाईकर्ताओं जिनके पास अपना अनुषंगी एकक है जैसे मुख्य उपस्कर सप्लाईकर्ताओं से प्राप्त किए गए थे ।

Rural Electrification Programme in Orissa

2869. SHRI BASUDEB MOHAPATRA; Will the Minister of ENERGY be pleased to State:

"(a) the number ol villages so far electrified in the State of Orissa under Rural Electrification Programme dur. ing the Seventh Five Year Plan;

(b) the amount allotted to Orissa Under Rural Electrification Programme in the Seventh Five Year Plan and the total amount spent so far;

(c) how many villages are likely to be electrified during the ~year 1989-90; and

(d) by when all the villages in the State of Orissa are likely to be electrified?

THE MINISTER OF STATE IN THE DEPARTMENT OF POWER IN THE MINISTRY OF ENERGY (SHRI KALPNATH RA'I). (a) During the Seventh Five Year Plan, 4886 villages are reported to have been electrified by Orissa State Electricity Board by the end of January, 1989.

(b) For the Seventh Fi$_{ve}$ Year Plan, an amount of Rs. 107.38 crores has been allocated to Oriss$_a$ for tbe rural electrification programme. Against this, $_a$ sum of about Rs. 71 crores ha$_s$ been disbursed by Rural Electrification Corporation to Orissa State Electricity Board upto February, 1989.

(c) The Planning Commission has fixed a target of electrification of 785 villages in Orissa during 1989-90.

(d) The remaining villages are expected to be electrified by th$_e$ end of 8th Five Year Plan subject to availability of resources and other inputs.

500 MW unit i$_n$ Korb$_a$

2870. SHRI KAMAL MORARKA: Will the Minister of ENERGY be pleased to state;

(a) by when the third 500 MW unit in Korba is likely to be commis. sioned;

(b) what will be th$_e$ total capacity of this unit after commissioning the unit;

(c) whether it i$_s$ a fact that the electricity generated at Korb$_a$ is not being fully utilised and generation is contemplated to be curtailed; and

(d) if so, what steps are being taken in this regard?

THE MINISTER OF STATE IN THE DEPARTMENT OF POWER IN THE MINISTRY OF ENERGY (SHRI KALPNATH RAI):' (a) The third 500 MW unit at Korb$_a$ has been synchronised on 23rd March, 1989.

(b) The total capacity of the KorBa Super Thermal Power Station is 2100 MW after commissioning of this unit.

(c) and (d) The electricity generated at the Korba Super Thermal Power Station i$_s$ bein£ fully utilised as per the system requirements in the Western Regional power grid. The gross generation from this Station during the period April, 1988 t$_0$ February, 1989" was 6891 million unit$_s$ as against the proportionate target of 6598 million units.

मध्य प्रदेश में गैस पर आधारित विद्युत गृहों की स्थापना

2871. **श्री अजीत जोगी :** क्या ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि मध्य प्रदेश सरकार ने भण्डार (ग्वालियर), झाबेरा, राजगढ़ और गुना में 300 मेगावाट पावर की उत्पादन क्षमता वाले गैस पर आधारित विद्युत गृहों की स्थापना के प्रस्ताव भेजे थे ;

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में सरकार द्वारा क्या कदम उठाये गये हैं;

(ग) गैस पर आधारित विद्युत गृहों की स्थापना के लिए मध्य प्रदेश को कितनी धनराशि उपलब्ध कराये जाने का विचार है; और

(घ) भविष्य में मध्य प्रदेश में होने वाली बिजली की संभावित कमी को देखते हुए क्या सरकार इस संबंध में शीघ्र कोई निर्णय लेगी ?